संख्या–cm-352
06/06/2023

# मुख्यमंत्री ने हज यात्रियों की रवानगी के पूर्व आयोजित दुआईया मजलिस में की शिरकत

पटना, 06 जून 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हज यात्रियों की रवानगी के पूर्व हज भवन में आयोजित दुआईया मजलिस में शिरकत की। इस दुआईया मजलिस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान एवं बिहार राज्य हज कमिटी के चेयरमैन श्री अब्दुल हक ने मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता, टोपी एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

दुआईया मजलिस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस अवसर पर मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूँ। हज यात्रियों की रवानगी के लिये कार्यक्रम आयोजित होता है। मुझे अनेक बार इस कार्यक्रम में आने का मौका मिला है। इस कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। पिछले दो वर्षों 2020 और 2021 में कोरोना के कारण हज यात्रा में लोग नहीं जा सके थे। पिछले वर्ष 2022 में कम लोग ही हज यात्रा पर गये थे क्योंकि 65 साल से अधिक उम्र के लोगों को हज यात्रा पर जाने की इजाजत नहीं थी। इस बार 5,638 हज यात्री पवित्र हज यात्रा पर जा रहे हैं, इनमें 2,399 महिलायें शामिल हैं। पहले कभी हमने हज यात्रियों की इतनी बड़ी संख्या नहीं देखी थी। इस बार बड़ी संख्या में महिलायें भी हज यात्रा पर जा रही हैं, यह काफी खुशी की बात है। मैं सभी हज यात्रियों को मुबारकबाद देता हूँ। हज यात्रा पर जिन लोगों को जाने का अवसर मिलता है, उन्हें पहले से ही शुभकामनायें मिल गयी होती हैं। आप सभी जो हज यात्रा पर जा रहे हैं, आपको बहुत आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। आप सभी वहॉ परिवार के साथ–साथ बिहार और देश की तरक्की के लिये दुआ करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम भी वहॉ जा चुके हैं। यह अलग बात है कि मुझे अंदर जाने का मौका नहीं मिला। आप सभी समाज में भाईचारा और अमन–चैन कायम होने की दुआ करेंगे। कुछ लोग बेमतलब झंझट पैदा करने की कोशिश में लगे रहते हैं। संविधान में जो उल्लेखित नहीं है, आज कल वह बातें भी हो रही है। देश का इतिहास और आजादी की बातें बदलने की कोशिश हो रही है। देश सुरक्षित रहे, इसके लिये भी आप सभी दुआ कीजियेगा। हमलोग सर्वसमाज और सर्वधर्म के उत्थान के लिये काम करते रहे हैं। आपस में प्रेम और भाईचारे का माहौल कायम रहे, इसके लिये भी हमलोगों ने प्रारंभ से ही काम किया है। आज कल माहौल बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। आप सभी सचेत रहें, आपस में विवाद और झगड़ा नहीं होना चाहिये। आप सभी मिलकर आगे बढ़ें। मुस्लिम समुदाय के लोग भी यहीं के हैं, वे बाहर से नहीं आये हैं, बचपन में ही हमारे पिताजी ने यह बात बतायी थी। हिन्दू–मुस्लिम में हम फर्क नहीं मानते हैं। सभी एकजुट रहकर अपने–अपने धर्म का सम्मान करें, हम यही चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बाद आप सभी अब जब बाहर जाते हैं तो लोग कितनी प्रशंसा करते हैं। मेरी इच्छा है कि आप सभी अच्छे काम के प्रति लोगों को प्रेरित करते रहें। मैं बिहार राज्य हज कमिटी के अध्यक्ष और सदस्यगणों को धन्यवाद देता हूँ। हम तो सब दिन यहॉ आते रहे हैं। इस बार 5,638 लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं। इतने बेहतर ढंग से आप सभी यात्रा करें कि अगली बार हज यात्रियों की संख्या में

और अधिक इजाफा हो। आप सभी का जीवन बेहतर हो, परिवार खुशहाल रहे। बिहार और देश आगे बढ़े, इसके लिये आप सभी दुआ करें। जिन लोगों को वहॉ जाने का अवसर मिलता है, वहॉ उनको बहुत लाभ होता है। आज कल मोबाइल के चक्कर में ज्यादा लोग पड़े हुये हैं। पूजा–पाठ में भी इसका इस्तेमाल करने लगे हैं। मेरा आग्रह है कि आप सभी मोबाइल के चक्कर में ज्यादा मत रहिये। यह ऐसी चीज है जो धरती को खत्म कर देगा। जरूरत के हिसाब से ही इसका इस्तेमाल करें। अपनी बातों को कागज पर रखें तो बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी हज यात्रा पर जा रहे हैं, वह काफी महत्वपूर्ण एवं पवित्र स्थल है। आप सभी को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसे ध्यान में रखते हुये 15 सरकारी लोगों को आपसी समन्वय के लिये लगाया गया है। आप सभी को सफलता मिले। उन्होंने कहा कि हज भवन काफी बेहतर ढंग से बना हुआ है। यहॉ सभी तरह के इंतजाम किये गये हैं। हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को यहॉ रहने एवं खाने का इंतजाम भी किया गया है। आप लोगों को गया एयरपोर्ट से जाना है। हर प्रकार के इंतजाम किये गये हैं ताकि आप लोगों को असुविधा न हो। आप सभी सही समय पर पहुॅचकर दुआ करें, यही हमारी शुभकामनायें हैं। मैं आप सभी का पुनः अभिनंदन करता हूॅ।

दुआईया मजलिस को उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी एवं बिहार राज्य हज कमिटी के चेयरमैन श्री अब्दुल हक ने भी संबोधित किया। सांसद श्री चौधरी महबूब अली कैसर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री इसराइल मंसूरी, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री शाहनवाज, विधायक श्री शकील अहमद खान, विधायक श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो0 इरशादुल्लाह, बिहार राज्य सिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अफजल अब्बास, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो0 सोहैल, बिहार राज्य हज कमिटी के पूर्व चेयरमैन मो0 इलियास हुसैन उर्फ सोनू बाबू, बिहार राज्य हज कमिटी के पूर्व सदस्य ई0 शमीम अहमद सहित बिहार विधानमंडल के सदस्यगण, पूर्व विधायकगण, पूर्व विधान पार्षदगण, अन्य गणमान्य व्यक्ति, आजमीन ए हज एवं बिहार राज्य हज कमिटी से जुड़े लोग उपस्थित थे।

******